समाचार
चाइल्डलाईन 1098
बालमित्र राष्ट्र निर्माण के तहत दिलाई गई बाल सुरक्षा की प्रतिज्ञा
(महापौर एवं आयुक्त की उपस्थिति में हुआ आयोजन)

कोरबा 23 नवम्बर 2015 –आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में बालमित्र राष्ट्र निर्माण के लिए बाल अधिकार व उनकी सुरक्षा से संबंधित प्रतिज्ञा दिलाई गई। आयुक्त श्री अग्रवाल ने प्रतिज्ञा का वाचन किया तथा उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों व नागरिकों ने प्रतिज्ञा ग्रहण की।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित परिसर में सोशल रिवाईवल ग्रुफ आफ अर्बन रूरल एण्ड ट्राईबल (स्त्रोत) संस्था के आयोजकत्व में महिला एवं बालक विकास मंत्रालय भारत सरकार की परियोजना चाइल्ड लाईन 1098 के तहत बालमित्र राष्ट्र निर्माण की प्रतिज्ञा दिलाने एवं हस्ताक्षर प्राप्त करने का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में यह आयोजन सम्पन्न हुआ। प्रतिज्ञा दिलाने के साथ–साथ महापौर श्रीमती अग्रवाल एवं आयुक्त श्री अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने हस्ताक्षर पट्टिका पर हस्ताक्षर किये तथा बालको की सुरक्षा व बाल अधिकार के प्रति अपनी जिम्मेदारी के संबंध में प्रतिज्ञा ग्रहण की।

निशक्त बालिका को ट्रायसिकल प्रदान की गई– इस मौके पर नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत स्थित पन्द्रह ब्लाक कालोनी की निवासी 12 वर्षीय निःशक्त बालिका कु. रत्ना चौहान को महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ट्रायसिकल प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, महिला कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता संगीता सक्सेना, जिलाध्यक्ष सपना चौहान, प्रेस क्लब के अध्यक्ष गेंदलाल शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार रमेश राठौर, निगम सचिव पवन वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी डॉ.शिरीन लाखे, स्त्रोत संस्था के पदाधिकारी डिकसन मसीह व अन्य सदस्यगण सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)